NBT
नवभारत टाइम्स

1000 लीटर नकली घी जब्त, आपकी थाली में जाने वाला कैंसर, FSSAI ने बताया- 5 सेकंड में ऐसे करें नकली घी की जांच

जयपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कारखाने से एक हजार लीटर नकली घी जब्त किया है। यहां पर सरस और लोटस जैसे जाने-माने ब्रांडों के नाम पर नकली घी बनाकर बेचा जा रहा था। वनस्पति तेल में घी का एसेंस मिलाकर नकली देसी घी बना रहा था।

नकली घी को सरकारी ब्रांड सरस और ब्रांडेड कंपनी लोटस के नाम के डिब्बों में पैक किया जाता था। इन कार्टन और रैपर पर बैच नंबर और सीरीज नंबर भी छपे होते थे ताकि ग्राहक नकली घी को असली समझ बैठे। नकली घी के सेवन से सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

नकली घी खाने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है, लीवर खराब हो सकता है, अपच और एसिडिटी हो सकती है, महिलाओं में गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। चलिए समझते हैं कि आप जो घी खा रहे हैं वो असली है नकली, इसकी पहचान कैसे कर सकते हैं और नकली घी खाने से सेहत को क्या-क्या बड़े नुकसान हो सकते हैं।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/1000-litre-fake-ghee-seized-in-jaipur-try-fssai-ghee-adulteration-test-to-identify-fake-ghee-in-just-5-second/articleshow/113009522.cms?story=2